Regarding construction of Modern Sports Complex in Kushi Nagar Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-Laid

श्री विजय कुमार दूबे (कुशीनगर) **:** मैं सरकार का ध्यान कुशीनगर लोक सभा क्षेत्र की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । कुशीनगर लोक सभा क्षेत्र में खेल गतिविधियों की संभावना बहुत अधिक है, क्योंकि यहाँ के युवाओं में खेल के प्रति बहुत उत्साह है । यहाँ के लोग क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, और अन्य पारंपरिक खेलों में रुचि रखते हैं । कुशीनगर में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने से न केवल युवाओं का शारीरिक और मानसिक विकास होगा, बल्कि क्षेत्र में खेल संस्कृति भी विकसित होगी| इस क्षेत्र में खेल और युवा विकास के लिए कोई बड़ा स्टेडियम या स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स नहीं है, जिससे यहां के युवाओं को खेल गतिविधियों में भाग लेने का अवसर नहीं मिल पा रहा है । अत: मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि कुशीनगर लोक सभा क्षेत्र में एक आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करे । इससे यहां के युवाओं को खेल गतिविधियों में भाग लेने के अवसर मिलेंगे और वे अपने कौशल का विकास कर सकेंगे ।